Title: Need to take necessary steps to check menace caused by elephants in Ranchi district, Jharkhand.

प्रो. दुखा भगत (लोहरदगा) : उपाध्यक्ष महोदय, रांची जिले के बीडो प्रखंड में हाथियों ने पिछले छः माह में नौ व्यक्तियों और पलामू जिले के मणिका बरवाड़ी क्षेत्र में दो व्यक्तियों को मार डाला। वहां खड़ी फसल को तहस-नहस कर दिया जिससे किसानों की फसल को बहुत नुकसान हुआ। अब बीडो प्रखंड में लोग अपने खेतों में जाने से डरते हैं। हाथी गरीब और आदिवासी लोगों के कच्चे मकान को गिरा रहे हैं। इससे जान-माल की हानि हो रही है। साथ ही रिजर्व फोरेस्ट के 5 किलोमीटर एरिया में हाथी के मारने पर एक लाख का मुआवजा दिया जाता है और पांच किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर हाथी के मारे जाने पर 20 हजार का मुआवजा दिया जाता है जो तर्कसंगत नहीं है। इसे दूर किया जाए।

मेरा अनुरोध है कि केन्द्रीय स्तर पर इन दोनों जिलों के वन अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं कि हाथियों पर नियंत्रण हेतु शीघ्र कार्रवाई की जाए जिससे लोगों को राहत मिल सक।, हाथियों द्वारा हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए और गरीब तथा आदिवासी लोगों की जान-माल की हिफाजत की जाए।

(इति)